# क्यों सुनते नहीं मेरी | by Kumar Vicky

क्यों सुनते नहीं मेरी क्यों मुझको सताते हो
तुमको है खबर मेरी फिर भी मुस्कुराते हो

माना सुख में बाबा तुमको ना याद किया
मुझको क्या इसका कारण दु:ख ने बर्बाद किया
रेहमत तुम सांवरिया सब पर बरसाते हो
क्यों सुनते नहीं मेरी ..................

शिकवा हो गर कोई मुझको बतला दो ना
यूँ मुंह ना फेरो तुम एक झलक दिखा दो ना
क्या सच है कि तुम बाबा रोते को हंसाते हो
क्यों सुनते नहीं मेरी ..................

अब और ना सेह पाऊं दु:ख दर्द ज़माने का
एक बार खबर आकर ले लो इस दीवाने का
शिवम् हारे हर पल तुम क्यों ना जिताते हो
क्यों सुनते नहीं मेरी ..................

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%95%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a5%8b%e0%a4%82-%e0%a4%b8%e0%a5%81%e0%a4%a8%e0%a4%a4%e0%a5%87-%e0%a4%a8%e0%a4%b9%e0%a5%80%e0%a4%82-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-by-kumar-vicky/